दिन–शनिवार दिनांक– 18/05/2024

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– अपराह्न 03:10 बजे से। अवधि– 05 मिनट

लोकसभा चुनाव के पांचवें चरण के लिए प्रचार का आज अंतिम दिन है। प्रचार शाम छह बजे समाप्त हो जायेगा। इस चरण के तहत राज्य के पांच संसदीय क्षेत्रों– सीतामढ़ी, मधुबनी, मुजफ्फरपुर, सारण और हाजीपुर संसदीय क्षेत्रों में बीस मई को मतदान होना है। पांचवें चरण में पंचानवे लाख से अधिक मतदाता छह महिला प्रत्याशियों समेत अस्सी उम्मीदवारों के राजनीतिक भाग्य का फैसला करेंगे। सबसे अधिक छब्बीस प्रत्याशी मुजफ्फरपुर लोकसभा क्षेत्र में हैं, जबकि सबसे कम बारह प्रत्याशी मधुबनी संसदीय क्षेत्र में हैं। इसके अलावा सीतामढ़ी, सारण और हाजीपुर लोकसभा क्षेत्रों में चौदह–चौदह प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं। निर्वाचन आयोग ने इन क्षेत्रों में नौ हजार चार सौ छत्तीस बूथों की स्थापना की है। औसतन एक हजार आठ मतदाता प्रत्येक बूथ पर मतदान करेंगे।

इधर, सभी प्रमुख दल और गठबंधन के वरिष्ठ नेताओं और स्टार प्रचारकों ने आखिरी तीन चरणों के चुनाव के लिए प्रचार अभियान में जोर लगा दिया है। भाजपा के वरिष्ठ नेता और असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने आज सीवान संसदीय क्षेत्र में एनडीए प्रत्याशी विजयालक्ष्मी देवी के समर्थन में जनसभा को संबोधित किया। श्री सरमा ने कहा कि पिछले दस वर्षों में प्रधानमंत्री नरेन्दे मोदी के नेतृत्व में एनडीए सरकार ने लोगों के असली समस्यों को हल किया है और जनता पूरी तरह से एनडीए के साथ खड़ी है। श्री सरमा कल महाराजगंज लोकसभा क्षेत्र में एनडीए उम्मीदवार जनार्दन सिंह सिग्रीवाल के पक्ष में चुनावी रैली करेंगे। इधर, जदयू अध्यक्ष और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने आज वाल्मीकिनगर लोकसभा क्षेत्र के रूपही में एनडीए उम्मीदवार सुनील कुमार कुशवाहा के समर्थन में एक चुनावी सभा को संबोधित किया। श्री कुमार ने कांग्रेस पर जातीय आधारित गणना का विरोध करने का आरोप लगाया।

वहीं, राजद के वरिष्ठ नेता तेजस्वी प्रसाद यादव और विकासशील इंसान पार्टी प्रमुख मुकेश सहनी ने सीतामढ़ी के पुपरी और रून्नीसैदपुर में इंडी गठबंधन के उम्मीदवार अर्जुन राय के पक्ष में जनसभा को संबोधित किया। श्री यादव ने कहा कि बेरोजगारी और महंगाई के लिए केन्द्र की भाजपा सरकार जिम्मेदार है। उन्होंने कहा कि

इंडिया गठबंधन की सरकार बनने जा रही है और लोगों के सभी मसलों का हल निकलेगा।

———————————————————————

भाजपा के वरिष्ठ नेता और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी इक्कीस मई को सीवान और पूर्वी चम्पारण लोकसभा क्षेत्रों में एनडीए उम्मीदवारों के समर्थन में चुनावी रैली को संबोधित करेंगे। श्री मोदी की सभा सीवान के गोरियाकोठी और बेतिया के बड़ा रमना मैदान में होगी। इधर, पार्टी के वरिष्ठ नेता और केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह का कल बेतिया में पार्टी प्रत्याशी डॉक्टर संजय जायसवाल के पक्ष में एक चुनावी सभा को संबोधित करने का कार्यक्रम है।

———————————————————————

केन्द्रीय मंत्री प्रह्लाद जोशी ने कहा है कि भाजपा संविधान और आरक्षण बचाने के लिए प्रतिबद्ध है। पटना में संवाददाताओं से बातचीत करते हुए श्री जोशी ने कहा कि इंडी गठबंधन के नेता संविधान से छेड़—छाड़ कर आरक्षण समाप्त करना चाहते हैं। एक अन्य प्रश्न के जवाब में श्री जोशी ने कहा कि एनडीए सरकार के प्रयासों से पिछले दस वर्षों में तेरह करोड़ लोग गरीबी रेखा से बाहर आए हैं। केन्द्रीय मंत्री ने आम आदमी पार्टी की नेता और राज्यसभा सांसद स्वाती मालिवाल के साथ उत्पीड़न की घटना पर राजद के वरिष्ठ नेता तेजस्वी प्रसाद यादव की चुप्पी को लेकर भी सवाल उठाये हैं।

———————————————————————

लोकसभा चुनाव के सातवें और अंतिम चरण के लिए राज्य के आठ संसदीय क्षेत्रों से बारह महिला समेत एक सौ चौंतीस उम्मीदवार चुनाव मैदान में हैं। निर्वाचन आयोग से प्राप्त जानकारी के अनुसार कल नामांकन वापसी के अंतिम दिन चार उम्मीदवारों ने अपना नाम वापस लिया। नालंदा संसदीय क्षेत्र में सबसे अधिक उनतीस उम्मीदवार जबकि सासाराम में सबसे कम दस उम्मीदवार चुनाव मैदान में हैं। वहीं, पाटलिपुत्र से बाईस, पटना साहिब से सत्रह, जहानाबाद से पन्द्रह, आरा और बक्सर से चौदह—चौदह तथा काराकाट संसदीय क्षेत्र से तेरह उम्मीदवार चुनावी मैदान में हैं। इस चरण के तहत एक जून को मतदान होना है।

———————————————————————

राजधानी पटना समेत प्रदेश के अधिकांश भागों में मौसम शुष्क बना हुआ है। पिछले चौबीस घंटों के दौरान राज्य के अधिकतर स्थानों पर तापमान चालीस डिग्री सेल्सियस से अधिक रिकॉर्ड किया गया। तैंतालीस दशमलव सात डिग्री सेल्सियस अधिकतम तापमान के साथ अरवल राज्य का सबसे गर्म स्थान रहा। वहीं, राजधानी पटना का अधिकतम तापमान इकतालीस दशमलव सात डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। मौसम विभाग ने आज पटना, शेखपुरा, नालंदा, नवादा, औरंगाबाद, रोहतास, भोजपुर, बक्सर, अरवल और कैमूर में गर्म रात्रि को लेकर येलो अलर्ट जारी किया है। है।

———————————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ। एक छोटे अंतराल के बाद आप सुनेंगे उर्दू बुलेटिन।